कृपया प्रकाशनार्थ **16 मई 2011**

चर्चगेट - डहाणू सीधी रेल गाडी
तुरंत शुरु न हुई तो यात्री आंदोलन करेंगें

नालासोपारा, सोमवार : डहाणू - चर्चगेट सीधी लोकल तुरंत शुरु नही हुई तो आनेवाले रेल मंत्री को उग्र आंदोलन का सामना करना पडेगा, ऐसी चेतावनी कल नालासोपारा में हुई डहाणू - विरार - बोरीवली रेल यात्री परिषद में शामील सैंकडो यात्रियों ने दी. पूर्व रेल राज्य मंत्री श्री राम नाईक की अध्यक्षता में हुई इस रेल परिषद का उद्घाटन विधायक तथा एड़. चिंतामण वनगा ने किया. विधायक श्री. संजय केळकर, भाजपा महाराष्ट्र की उपाध्यक्षा श्रीमती मनिषा चौधरी व श्री. रोहिदास पाटील इस परिषद को विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे.

विधायक एड. चिंतामण वनगा ने अपने उद्घाटन के भाषण में रेल मंत्रालय की लालफिताशाही की कडी आलोचना की. एड. वनगा ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री. अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में तत्कालीन रेल राज्य मंत्री श्री राम नाईक ने रेल बजट में डहाणू तक की गाडी का प्रावधान तो किया. मगर जब इस काम को पुरा करने का वक्त आया तो कांग्रेस सरकार देरी लगा रही है. यह देरी अब बंद नही की तो यात्रियों को सडक पर आना पडेगा."

रेल परिषद के माध्यम से अपनी आवाज दिल्ली तक पहुँचाने की चाहत से सैंकडो यात्री इस परिषद में शामील हुए थे. इन सबके सामने अध्यक्ष श्री राम नाईक ने परिषद का प्रस्ताव रखते वक्त कहा, "प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने मुंबई रेल विकास प्राधिकरण (एमआरव्हीसी) की स्थापना की थी जिसके माध्यम से रु. 3, 125 करोड़ के प्रकल्प उपनगरी यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए थे जो वर्ष 2007 तक पुरे होने चाहीए थे. इनके पुरे न होने के लिए केंद्र सरकार के साथ - साथ महाराष्ट्र की राज्य सरकार भी जिम्मेदार है क्योंकि एमआरव्हीसी में दोनो की भागीदारी है. देरी लगाने के कारण खर्चा रु. 1,049 करोड से बढ गया है फिर भी काम पुरे नहीं हुए है." रेल बजट पर लोकसभा में

बहस हुई तब पश्चिम रेलवे के उपनगरी यात्रियों का प्रतिनिधित्व करनेवाले सांसद श्री बळीराम जाधव और सांसद श्री संजय निरुपम ने मुँह ही नहीं खोला, इस बात की श्री राम नाईक ने कड़ी आलोचना की.

चर्चगेट - डहाणू सीधी लोकल शुरु करने में अब कोई कठीनाई नहीं है; काम पुरा हुआ है; नयी गाडीयाँ भी आयी है; मगर फिर भी पश्चिम रेलवे ने अब तक चर्चगेट - डहाणू सीधी लोकल शुरु नहीं की है, ऐसा श्री राम नाईक ने कहते ही क्रोधित यात्रियों ने नारेबाजी की. चर्चगेट - डहाणू सीधी लोकल फौरन शुरु करें इस माँग के साथ - साथ प्रस्ताव में श्री राम नाईक ने निम्नलिखित माँगों का जिक्र किया. विरार कार शेड तथा यार्ड का काम अब पुनर्निधारित समय पर याने 30 जून 2011 तक पुरा हो, रेल प्रशासन ने 14 अप्रैल 2011 को चर्चगेट - वांद्रे, चर्चगेट - अंधेरी, चर्चगेट - बोरीवली ऐसी 106 नई सेवाएं शुरु की है. जिसका स्वागत हैं. किंतु चर्चगेट से भाईंदर - वसई - विरार के लिए भी नई गाडीयाँ शुरु करें तथा महिलाओं के लिए सुबह विरार से और शाम को चर्चगेट से एक और महिला स्पेशल गाडी शुरु करें, सभी 9 डिब्बे की गाडीयाँ 12 डिब्बों की करें, डहाणू - पनवेल तथा डहाणू - ठाणे लोकल गाडीयाँ शुरु की जाए, पूर्व - पश्चिम जोडने वाला विरार फ्लाईओवर जल्द पुरा हो, तथा नायगाव, सफाळे व वाणगाव में भी फ्लाईओवर बनाएं, हर रेल स्थानक पर योग्य मात्रा में टिकट घर, कूपन मशिन, फूट ओवर ब्रिज, पिने का पानी, शौचालय, प्लैटफार्म पर छत, प्लैटफार्मों की उंचाई बढाना, बैठने के लिए बेंच, पंखा, आदि सुविधा हों, रेल स्थानकों पर तथा रेल डिब्बों में घूमनेवाले भिखारी, फेरीवाले, तृतीय पंथी, चोर - उचक्के आदी पर प्रतिबंध लगाएं, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक तथा एमआरव्हीसी के प्रबंध संचालक के रिक्त स्थानों पर जल्द से जल्द नियुक्ती हो.

श्री नाईक के प्रस्ताव को अनुमोदन देते हुए विधायक श्री संजय केळकर ने कहा कि इस सोयी हुई सरकार की नींद किसी छोटे आंदोलन से नहीं खुलनेवाली, जरुरी है कि हम जम कर आंदोलन छेडे. भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश की उपाध्यक्षा श्रीमती

मनिषा चौधरी ने महिला यात्रियों तथा विद्यार्थीओं के प्रश्न विशेष रुप से उजागर किए. श्रीमती चौधरी ने भी कहा कि राजस्थान की यात्रियों की तरह रास्ते पर उतर कर आंदोलन छेडे बगैर यह सरकार कुछ करने वाली नहीं है.

परिषद के संयोजक सर्वश्री भाविक सोरठी, मधुकर पाटील, मिठालाल जैन, रघुनाथ पाटील, अमोल पिंपळे, राजन नाईक, शेखर धुरी, केदारनाथ म्हात्रे, बाबाजी काठोळे तथा अध्यक्ष श्री राम नाईक, विधायक सर्वश्री चिंतामण वनगा, विष्णु सावरा, संजय केळकर व श्रीमती मनिषा चौधरी आदी महानुभावों की कृति समिति बनाने का निर्णय भी परिषद ने लिया. उपस्थित यात्रियों ने कृति समिति से कहा कि रेल मंत्री सुश्री ममता बैनर्जी की जगह जो नए रेल मंत्री आएंगे उन्हे तथा रेल बोर्ड के अध्यक्ष को परिषद का माँग पत्र देने का काम कृति समिति करें. माँगों को पुरी करवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जिम्मेदारी भी कृति समिति को सौंपी गयी है. दो सौ से भी अधिक यात्रियों ने इस परिषद में अपने सुझाव लिख कर श्री राम नाईक को दिए तो नगरसेवक श्री राजन नाईक के साथ - साथ अन्य कई सामान्य यात्रियों ने भी मंच पर आकर समस्याओं को आवाज दी. श्री केदारनाथ म्हात्रे ने परिषद का सूत्रसंचालन किया तथा श्री मधुकर पाटील ने सभी को धन्यवाद दिया.

(कार्यालय मंत्री)